Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the delay in completion of Janakpar road and rail overbridge in Sitamarhi, Bihar.

श्री सुनील कुमार पिन्टू (सीतामढ़ी): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र सीतामढ़ी, जो माँ जगत जननी सीता की प्रकट स्थली है, की तरफ दिलाना चाहता हूँ । वहाँ पर दो आरओबीज़ बन रहे हैं । अभी यहाँ माननीय रेल मंत्री जी उपस्थित है । मैं उनका भी ध्यान आपके माध्यम से आकृष्ट कराना चाहता हूँ ।

महोदय, जनकपुर रोड पुपड़ी का जो कार्य वर्षों से चल रहा है, वह इतनी धीमी गति से चल रहा है कि पता नहीं, यह कब पूरा होगी ।

दूसरा, शहर के बीचोंबीच मेहसौल आरओबी का माननीय रेल मंत्री जी ने टेंडर कर दिया है, परंतु उसका कार्य प्रारंभ नहीं हो रहा है । इन दोनों आरओबीज़ के कार्य में देरी के कारण जन-आक्रोश बढ़ता जा रहा है । इससे जन-प्रतिनिधियों को जनता का आक्रोश सहना पड़ रहा है ।

इसलिए, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से कहना चाहूँगा कि एक आरओबी, जो अधूरा पड़ा हुआ है और दूसरा, मेहसौल आरओबी का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराया जाए, जिससे लोगों का जन प्रतिनिधियों के प्रति विश्वास कायम रह सके ।